स्टेनोटायपिस्ट कमांक–

स्पीड पोस्ट

**मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**26–अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल**

कं./बो.का./सी.भ./बैक./स.ग्रे–3/शीघ्र–3/स्टेनो./157/1381 भोपाल, दिनांक 17/06/2020

**तृतीय एवं अन्तिम सूचना–पत्र**

प्रति,

श्री/सुश्री ..............................................

पिता– ..............................................

रोल नम्बर–..............................................

विषयः– राज्य मण्डी बोर्ड सेवा के अन्तर्गत स्टेनो टायपिस्ट संवर्ग में प्रतीक्षा सूची से भर्ती हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के लिये काउन्सलिंग में आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन हेतु समक्ष में उपस्थित होने की तृतीय एवं अन्तिम सूचना।

राज्य मण्डी बोर्ड सेवा में स्टेनोटायपिस्ट संवर्ग में सीधी भर्ती/बैकलॉग के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड के द्वारा समूह–4 के अन्तर्गत संयुक्त भर्ती परीक्षा दिनांक 28–29.07.2018 तक आयोजित की गई थी, उक्त परीक्षा में अनारक्षित/महिला/निःशक्तजन/भूतपूर्व सैनिक आदि वर्गो में प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड के द्वारा उपलब्ध करवाई गई प्रतीक्षा सूची के आधार पर, चयन के लिए मूल दस्तावेजों का सत्यापन हेतु पूर्व में आपको दस्तावेज/बायोमेट्रिक सत्यापन की काउंसलिंग हेतु कार्यालयीन सूचना पत्र कमांक–461 दि. 20.03.2020 द्वारा दिनांक 04.04.2020 एवं पत्र कमांक 634 दिनांक 21.04.2020 द्वारा दिनांक 05.05.2020 को उपस्थित होने के लिए मण्डी बोर्ड की बेबसाईड पर प्रदर्शित किया गया, परन्तु आप काउंसलिंग में उपस्थित नही हुये।

अतः म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, 26 अरेरा हिल्स, जेल रोड किसान भवन, भोपाल (म. प्र.) में दिनांक 30 जून 2020 को समय प्रातः 11:.00 बजे दस्तावेज/बायोमेट्रिक सत्यापन हेतु उपस्थित होने के लिये तृतीय एवं अंतिम अवसर इस शर्त के साथ प्रदान किया जाता है कि उक्त दिनांक को अनुपस्थिति की स्थिति में आपका चयन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए आप स्वंय उत्तरदायी होंगे। काउन्सिलिंग दिनांक को अभिलेखों को दो प्रति में प्रस्तुत करना होगा, आप संलग्न प्रपत्र की प्रतिपूर्ति कर निम्न दस्तावेजों की स्वसत्यापित प्रतियों के साथ उपस्थित होवें। बायोमेट्रिक सत्यापन हेतु उक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र (पी ई बी द्वारा जारी) स्वप्रमाणित प्रति भी साथ लाना अनिवार्य हैं। सूचना पत्र की प्रति मंडी बोर्ड की बेबसाईट **www.mpmandiboard.co.in** या इस लिंक पर क्लिक **https://mpmandiboard.co.in/index.php/information-list** पर प्रदर्शित की गई है।

**अभिलेखों की सूची**

1. शैक्षणिक अहर्ता
2. भूतपूर्व सैनिक, प्रमाण पत्र (केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए)
3. जाति प्रमाण पत्र (स्थाई)
4. अस्थि बाधित/श्रवण बाधित प्रमाण पत्र (केवल विकलांग अभ्यार्थियों के लिए) जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी
5. मूल निवासी प्रमाण पत्र
6. अन्य योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र
7. 
   1. हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण।
   2. मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधि/प्रमाण पत्र।
   3. मेप आई.टी. द्वारा जारी सी.पी.सी.टी. प्रमाण पत्र अनिवार्य।
   4. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर यथा मान्य हिन्दी शीघ्रलेखन में 80 शब्द प्रतिमिनिट का प्रमाण–पत्र।
8. दो फोटो पासपोर्ट साईज अतिरिक्त
9. व्यक्तिगत जानकारी निर्धारित प्रारूप अनुसार दो प्रति में
10. 100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रारूप अनुसार शपथ पत्र
11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र

निम्न बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखा जावे :–

1. अभ्यर्थी किसी भी आवश्यक जानकारी के लिए केवल स्वागत कक्ष में सम्पर्क करें।

2. निर्धारित तिथि पर काउंसिलिंग में कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित सूची के क्रम अनुसार बुलाया जावेगा, अतः कृपया अपनी बारी की शांति से प्रतीक्षा करें।

3. मूल दस्तावेजों को अपने साथ अवश्य लायें, अभिलेखों / प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ, दो प्रतियों में काउंसिलिंग के समय जमा करना है।

4. व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित निर्धारित प्रारूप दों प्रति में, पूर्ति पहले से ही करके साथ मे रखें। यदि कोई कॉलम आप पर लागू नही होता है तो उसे निरंक अंकित करें।

5. शासन के विभाग / निगम / मंडल आदि में कार्यरत नियमित कर्मचारियों को विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

6. यदि आयु संबंधी छूट ली गई है तो तद्विषयक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

संलग्नः–1. शपथ–पत्र का प्रारूप (100 रू. के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पर)
2. व्यक्तिगत जानकारी का प्रारूप
(प्रबंध सचांलक द्वारा अनुमोदित)

अपर संचालक (कार्मिक)
म. प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

दिनांक 30.06.2020 को आयोजित काउन्सिलंग में बुलाये गये अभ्यार्थियों का विवरण

## स्टेनोटायपिस्ट संवर्ग में चयनित अभ्यार्थियों का विवरण

| S.NO | Roll No. | वर्गवार, श्रेणीवार | | F NAME | L NAME | CATEGORY | CIASS | SEX | HANDI Type |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ग | प्र.मे.क. | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 14103729 | W/OBC/O | 2 | SURYPRATAP | GAUR | OBC | X | M | X |
| 2 | 14138960 | W/SC/O | 2 | RITU | SHAKYA | SC | X | F | X |

## सहायक ग्रेड–3 संवर्ग में चयनित अभ्यार्थियों का विवरण

| S.NO | Roll No. | वर्गवार, श्रेणीवार | | F NAME | L NAME | CATEGORY | CIASS | SEX | HANDI Type |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ग | प्र.मे.क. | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 1. | 14154234 | W/SC/F | 2 | USHA | VIJAYPURIA | SC | X | F | X |
| 2. | 14151085 | W/ST/F | 3 | SEEMA | KHANDATE | ST | X | F | X |
| 3. | 14168197 | W/ST/F | 4 | KAMINI | SOUR | ST | X | F | X |